## खबर संक्षेप

### विक्रम वाल्मीकि बने मीडिया प्रभारी

**रादौर।** भारतीय वाल्मीकि आदि धर्म समाज की ओर से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। मौके पर सदस्यों ने विक्रम वाल्मीकि रादौर को प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया। नवनियुक्त प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी विक्रम वाल्मीकि ने कहा कि संगठन की ओर से उनको जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह उसका पूरी निष्ठा व लग्न से पालन करेंगे। उनका उद्देश्य संगठन व समाज के हितो के लिए कार्य करना होगा। वह महर्षि वाल्मीकि जी के विचारों को लोगों तक पहुंचाने का काम करेंगे।

### हजारों रुपये की हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** हजारों रुपये की हेरोइन के साथ पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक से पुलिस ने 11.54 ग्राम हेरोइन बरामद की है। जानकारी के अनुसार सदर थाना यमुनानगर में तैनात एसआई सुनील कुमार ने बताया कि वह रविवार शाम पांच बजे टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान उसे सूचना मिली थी कि गांव बाग का माजरा बस स्टैंड के पास युवक नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में घूम रहा। पुलिस ने दबिश देकर युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 11. 54 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान गांव रायपुर निवासी बिलाल के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### आपस में लड़ाया जा रहा है हिन्दुओं को : मेहता

**यमुनानगर।** श्रीलाल द्वारा मंदिर में 22 फरवरी को होने वाले हिंदू सम्मेलन को लेकर समिति के सदस्य श्री हनुमान मंदिर रामपुरा कॉलोनी में पहुंचे। यहां पहुंचकर संकीर्तन में शामिल श्रद्धालुओं को सम्मेलन की आवश्यकता से अवगत करवाया और भाग लेने का आग्रह किया। आयोजन समिति के संयोजक दविंदर मेहता ने कहा कि हिंदुओं को बांटने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। कभी जात-पात कभी सम्प्रदायों को लेकर आपस में लड़ाया जा रहा है जो चिंता का विषय है। मेहता ने कहा कि हमें ऐसी ताकतों से सजक रहने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि इन्हीं षड्यंत्र कारियों ताकतों को बेनकाब करने व हिंदुओं को एकजुट करने को लेकर जिला यमुनानगर में 74 स्थानो पर हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि श्रीलाल द्वारा मंदिर यमुनानगर में 22 फरवरी को हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा जिसकी तैयारियां जोर से चल रही हैं। सम्मेलन के बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### जलाभिषेक से मिलता है मनोवांछित फलः जनार्धन

**यमुनानगर।** जिले के प्रसिद्ध ऐतिहासिक पातालेश्वर महादेव मंदिर में 15 मार्च को महाशिवरात्रि पर्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक करेंगे । पर्व की तैयारियां जोर शोर से की जा रही है। श्री पतालेश्वर महादेव ट्रस्ट के प्रधान डॉक्टर जनार्दन शर्मा ने बताया कि इस मंदिर में महादेव जी का स्वयंभू शिवलिंग है। जिसकी बहुत मान्यता है। भारत ही नहीं विदेशों से भी श्रद्धालु यहां पर आकर अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। यहां पर एक शिव बावड़ी भी है। जिसको लेकर तरह तरह की मान्यताएं हैं।

---

**भारत सेवक नगर ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के सौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विराट हिंदू सम्मेलन का करवाया आयोजन**

# सनातन संस्कृति मानवता और नैतिक मूल्यों की सशक्त आधारशिला : स्वामी कृष्णानंद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर









यमुनानगर। के भारत सेवक नगर बस्ती में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में विचार रखते वक्ता व भाग लेते सनातनी।

भारत सेवक बस्ती के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के सौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बस्ती में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में अजात आश्रम व्यासपुर के महंत स्वामी कृष्णानंद जी सरस्वती ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। वहीं, कार्यक्रम का संयोजन योगी मनोज कुमार ने किया। जबकि धर्म जागरण अंबाला विभाग के सह विभाग संयोजक पंडित उदयवीर शास्त्री ने विशिष्ठ अतिथि के रुप में भाग लिया।

मुख्यातिथि एवं अजात आश्रम व्यासपुर के महंत स्वामी कृष्णानंद सरस्वती ने कहा कि सनातन संस्कृति केवल धार्मिक परंपराओं का संग्रह नहीं है। बल्कि मानव जीवन को सही दिशा देने वाली एक व्यापक जीवन पद्धति है। यह संस्कृति मानवता, सह अस्तित्व, करुणा, त्याग और नैतिक मूल्यों की मजबूत आधारशिला है। जो समाज को जोड़ने और संतुलित रखने का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति वसुधैव कुटुंबकम् की भावना पर आधारित है। जिसमें सम्पूर्ण विश्व को एक परिवार माना गया है। यही विचार मानव को स्वार्थ से ऊपर उठकर समाज और राष्ट्र के हित में सोचने की प्रेरणा देता है। मौके पर विशिष्ठ अतिथि पंडित उदयवीर शास्त्री ने कहा कि मिथ्या विमर्श हिंदू समाज और संस्कृति के लिए अत्यंत घातक है। उन्होंने ऐसे लोगों से सावधान रहने का आह्वान किया जो बाहर से सद्भाव और धार्मिकता की बात करते हैं। लेकिन भीतर से समाज को नुकसान पहुंचाने का प्रयास करते हैं।

जिला कार्यवाह राकेश नंदगढ़ ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सौ वर्ष की ऐतिहासिक यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम संयोजक योगी मनोज कुमार ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल शरीर ही नहीं है। बल्कि मन और आत्मा को भी स्वस्थ करता है। उन्होंने नेत्र योग के माध्यम से आंखों की समस्याओं में होने वाले लाभों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

### शिक्षाविदों और समाजसेवियों ने भाग लिया

गांधीधाम बस्ती द्वारा जगाधरी के हुड्डा सेक्टर-18 में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें संत समाज, शिक्षाविदों और समाजसेवियों ने भाग लिया। इस सम्मेलन में अजात आश्रम छिलौर के संत संतोष आनंद ने आध्यात्मिक चेतना व सामाजिक एकता पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में समाजसेवी राजेश त्यागी व शिक्षाविद डॉ. मुकेश सहगल ने भी अपने विचार रखे। वहीं, शिक्षाविद डॉ. सोनिया शर्मा ने हिंदूत्व और नारी शक्ति विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति, सम्मान और सृजन का प्रतीक माना गया है।

### धर्म परिवर्तन व लव जिहाद जैसी घटनाओं ने हिंदू धर्म को हानि पहुंचाने का किया प्रयास : प्रसाद

हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के तत्वावधान में अलाहर के जनता पब्लिक स्कूल में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रुप में विश्वकर्मा मंदिर लाडवा के सेवक जगदंबा प्रसाद ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता संयोजक हरीश ने की। मुख्य वक्ता जगदंबा प्रसाद ने कहा कि धर्म परिवर्तन व लव जिहाद जैसी घटनाओं ने हिंदू धर्म को काफी हानि पहुंचने का प्रयास किया है। हमें स्वामी दयानंद सरस्वती के मार्ग पर चलकर भटके हुए युवाओं को हिंदू धर्म में वापिस लाने के लिए मुहिम चलानी चाहिए। पहले भी ऐसा हो चुका है। ऐसे काफी लोगों ने डर से दूसरे धर्म को अपनाया था। वहीं, रामकृष्ण अलाहर ने कहा कि दूसरे धर्म के लोग हिंदू धर्म की बेटियों को बहला फुसलाकर धर्म परिवर्तन करवा रहे हैं। हमें अपने बच्चों को इससे अवगत करवाना होगा। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म की रक्षा करने के लिए सभी सनातनियों को मिलकर प्रयास करना होगा। जागरुकता कार्यक्रमों के माध्यम से युवा वर्ग को हिंदू धर्म के प्रति जागरुक करना जरुरी है।

---

**एक करोड़ 33 लाख 43 हजार रुपये की लागत से होंगे विकास कार्य**

# ट्विनसिटी को बेहतर सुविधाएं देने के लिए काम कर रहा नगर निगम : मेयर

**गधौली में 29.02 लाख की लागत से गलियां होंगी चकाचक**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर



यमुनानगर। में तीन वार्डों में किए जाने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास करते हुए मेयर सुमन बहमनी व मौके पर मौजूद विधायक घनश्याम दास अरोड़ा।

ट्विन सिटी के तीन वार्डों में एक करोड़ 33 लाख 43 हजार रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का सोमवार को मेयर सुमन बहमनी ने शिलान्यास किया। मौके पर विशिष्ठ अतिथि के रुप में विधायक घनश्याम दास अरोड़ा भी मौजूद रहे। इस दौरान स्थानीय लोगों ने मेयर व विधायक का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि नगर निगम द्वारा वार्ड आठ के मॉडल टाउन में 23.03 लाख रुपये की लागत से स्वामी रामतीर्थ पार्क से लेकर ठकराल गारमेंट्स की दुकान तक सड़क व नालियों का निर्माण किया जाएगा। वार्ड 11 के गधौली गांव में 29.02 लाख की लागत से विभिन्न गलियों व नालियों का निर्माण किया जाएगा। 48.12 लाख की लागत से वार्ड 9 की करतारपुरा की गली नंबर 1 से 4 व ढिल्लो के घर से भव्य डिजिटल स्टूडियो तक सड़क व अंडरग्राउंड पाइप डालने के निर्माण किया जाएगा। इसी तरह वार्ड 9 की महावीर कॉलोनी में 33.26 लाख की लागत से केशव लाल चड्ढा के घर से अरोड़ा ट्रेडिंग तक व हकीकत मदान के घर से सुरेंद्र प्रकाश के घर तक और सुखदेव सिंह के घर से राजन ग्रोवर के घर तक सड़क निर्माण व पाइप डालने का कार्य किया जाएगा। मेयर सुमन बहमनी ने निगम अधिकारियों को हर विकास कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के लिए नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि गलियों, सड़कों और नालियों की स्थिति में सुधार से आमजन को रोजमर्रा के आवागमन में सहूलियत मिलेगी और जलभराव जैसी समस्याओं से भी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य शहर के हर वार्ड में समान रूप से विकास पहुंचाना है। आने वाले समय में अन्य वार्डों में भी आवश्यक विकास कार्यों को स्वीकृति दिलाकर चरणबद्ध तरीके से शुरू कराया जाएगा। ताकि ट्विनसिटी को बेहतर सुविधाओं से युक्त और व्यवस्थित बनाया जा सके। मौके पर विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि राज्य सरकार के सहयोग से नगर निगम क्षेत्र में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

**ये रहे मौजूद:** मौके पर समाज कल्याण बोर्ड की चेयरपर्सन रोजी मलिक आनंद, पार्षद विभोर पाहुजा, पार्षद भावना बिट्टू, पार्षद संतोष रानी, पवन बिट्टू, राहुल कुमार व भाजपा मंडल अध्यक्ष अमन सग्गड़ आदि मौजूद रहे।

#### विकास सर्वोच्च प्राथमिकता : राजेश

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा शहरी विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में सड़कए सीवरेज और जल निकासी जैसी सुविधाओं के लिए लगातार बजट उपलब्ध कराया जा रहा है।

---




यमुनानगर। कस्बा रादौर के मुकंदलाल कॉलेज में मुख्यवक्ता को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य।

## प्रिंट और टीवी में रोजगार के बहुत अवसरः प्रो. नवीन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रादौर

मुकंदलाल नेशनल कॉलेज रादौर में सोमवार को राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज, लाडवा के प्राचार्य डा. कुशल पाल मौजूद रहे।

कार्यक्रम में विषय से संबंधित परिचय प्रो. नवीन भारद्वाज ने दिया और वर्तमान दौर में विद्यार्थियों के लिए संभावनाएं एवं चुनौतियां का जिक्र किया। डॉ कुशल पाल ने अपने 33 वर्षीय अनुभव के आधार पर कहा कि यह वह विषय है जो विशेष से साधारण हर व्यक्ति एवं विद्यार्थियों से जुड़ा है। जन्म से मृत्यु तक राज्य ही व्यक्ति के हर जरूरत में काम आता है। स्नातक एवं स्नातकोत्तर शिक्षा के बाद विद्यार्थियों को प्रिंट एवं टीवी दोनों में बहुत अवसर मिलते हैं। जागरूक नागरिक बनकर सक्रिय राजनीति में आकर राष्ट निर्माण कर सकते हैं। संविधान का पेपर पढ़कर वकील एवं न्यायाधीश बन सकते हैं। अध्यापन के साथ-साथ प्रशिक्षण एवं अध्ययन संस्थाओं में शोध सहायक एवं गाइड बन सकते हैं। मीडिया हाउस एवं विभिन्न समाचार पत्रों एवं पत्रिकाओं में पत्रकारिता एवं संपादक बन सकते हैं। मंत्रियों के राजनीतिक सलाहकार बन सकते हैं। टीवी चैनल में एंकर बनाकर प्रभावित कर सकते हैं। प्रशासनिक सेवाओं, आईएएस, आईपीएस एवं आईएफएस बन सकते हैं। विदेशी संस्थानों जैसे यूएनओ, सार्क, यूरोपीय यूनियन, वर्ल्ड बैंक में विभिन्न पद प्राप्त कर सकते हैं।

---

# अच्छे राष्ट्र निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका : धारीवाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर



यमुनानकर। कस्बा रादौर के सरकारी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी।

ज्योतिबा फुले राजकीय महाविद्यालय में राजनीतिक विज्ञान-विभाग व एनसीसी के तत्वाधान में सोमवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डा.एसके सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे। प्राचार्य ने बताया कि यह कार्यक्रम विकसित भारत के निर्माण में युवाओं का योगदान शीर्षक विषय पर आयोजित किया गया। इसमें डा. रमेश धारीवाल एसोसिएट प्रो. राजकीय महाविद्यालय, बिलासपुर मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। डा. रमेश धारीवाल ने कहा कि किसी भी राष्ट के निर्माण में उसके युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने वेद एवं पुराणों से सर्वे भवंतु सुखिनरू और वसुदेव कुटुंबकम् जैसे उदाहरण देकर सनातन भारत की महानता से अवगत करवाया। सांमजस्य एवं समरसता बनाए रखने के लिए युवाओं को जागरूक किया। युवाओं को समस्याओं का समाधान करने वाला केंद्र बिंदु बनना चाहिए। डा. धारीवाल ने युवाओं को एक स्वस्थ सशक्त एवं सुदृढ़ राष्ट्र के निर्माण में अपने योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

#### ये रहे मोजूद

इस अवसर पर प्रो. सतपाल, प्रो. संजीव गांधी, डा. दर्शन सिंह, प्रो. नरेश पराशर, डॉ ललिता शर्मा आदि उपस्थित रहे।

---

# राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर बनाई रणनीति

**सरकारी विभागों को जान बूझकर सिकोड़ा जा रहा**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर




यमुनानगर । में आयोजित बैठक में नारेबाजी कर विरोध जताते रिटायर्ड कर्मचारी संघ के पदाधिकारी।

रिटायर कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों की बैठक सोमवार को जिला प्रधान जोत सिंह रावत की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सभी छह ब्लाकों के पदाधिकारी ने भाग लिया। बैठक में 12 फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया गया। इसके साथ ही कुरुक्षेत्र में 22 व 23 फरवरी को आयोजित होने वाले राष्ट्रस्तरीय सम्मेलन में भी संघ द्वारा भागीदारी करने का फैसला लिया गया। संघ के पदाधिकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध जताया। बैठक में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान महीपाल सौदे व सचिव सतीश कुमार ने कहा कि देश और प्रदेश आज एक गहरे, सुनियोजित और बहुआयामी हमले के दौर से गुजर रहे हैं। पूंजीपतियों के भले के लिए निजीकरण व ठेकाकरण किया जा रहा है। केंद्रीकरण और साम्प्रदायिकता को योजनाबद्ध ढंग से आगे बढ़ाया जा रहा है। सरकारी विभागों को जान बूझकर सिकोड़ा जा रहा है ताकि सार्वजनिक सेवाओं को बाजार के हवाले किया जा सके। उन्होंने कहा कि हरियाणा में दो लाख से अधिक पद वर्षों से खाली पड़े हैं जबकि पढ़ा लिखा युवा बेरोजगारी की मार झेल रहा है। हरियाणा कौशल रोजगार निगम, अग्निवीर और अन्य अस्थायी व्यवस्थाएं नियमित रोजगार की जगह कम वेतन, अपमानजनक काम को बढ़ावा दे रही हैं। वर्षों से कार्यरत कच्चे कर्मचारियों को न वेतन सुरक्षा है, न सामाजिक सुरक्षा, न भविष्य की गारंटी। स्थायी नियुक्ति की जगह अस्थायी ठेका और आउटसोर्स व्यवस्था को सामान्य बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 12 फरवरी की हड़ताल केवल किसी एक विभाग या वर्ग की नहीं है। यह संविधान, सामाजिक न्याय, लोकतंत्र और जनसेवा को बचाने की निर्णायक लड़ाई है।

#### यह रहे मौजूद

मौके पर दिलावर हुसैन, रमेश, ज्ञानचंद, ज्ञान प्रस्त, चंद्रपाल माजरा, मामराज, राजवीर पिंडोरा, जरनैल सिंह चनालिया, सतीश राणा, विनोद त्यागी, शोभन सिंह व अशोक वर्मा आदि उपस्थित रहे।


---

**कार्यक्रम** | **स्टार वे सीनियर सैकेंडरी स्कूल खुर्दी में स्पोर्टस मीट का आयोजन**

# विजेता बच्चों को मेडल व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया

- खेल हैं हमारे जीवन का अभिन्न अंग: स्नेहलता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर



स्टार वे सीनियर सैकेंडरी स्कूल खुर्दी(यमुनानगर) में स्पोर्टस मीट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल की चेयरपर्सन स्नेहलता कांबोज व प्रिंसिपल दीपमाला कांबोज ने रिबन काटकर व मशाल जलाकर किया।

स्कूल की प्रिंसिपल दीपमाला कांबोज ने बताया कि प्रतियोगिता में सौ मीटर, दो सौ मीटर दौड़, लेमन दौड़ ,बोरी दौड़, बैलेंस दौड़ , बाधा रोधक दौड़.जंपिंग दौड़ समेत विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं करवाई गई। जिनमें बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट स्थान हासिल करने वाले बच्चों को मेडल व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि मौके पर नर्सरी से लेकर पांचवी तक के बच्चों ने मेंढक दौड़ में भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई। उन्होंने विजेता बच्चों को बधाई व शुभकामनाएं दी। स्कूल की चेयरपर्सन स्नेहलता कांबोज ने कहा कि खेल की सच्ची भावना केवल जीतने में नहीं है। बल्कि इसके साथ आने वाले सौहार्द, अनुशासन और दृढ़ता में निहित है। उन्होंने बताया कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को इस प्रकार के खेल प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया और विजेता बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि स्कूल की ओर से समय समय पर इस प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जाता है।

#### बढ़ती है रुचि

चेयरपर्सन स्नेहलता कांबोज ने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने से बच्चों में खेल के प्रति रूचि बढ़ती है और उन्हें अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि आज बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। केवल उन्हें प्रेरित करके उनकी प्रतिभा को उजागर करने के लिए जागरुक करने की जरुरत है। समाजसेवी जोगिंद्र कांबोज ने विजेता बच्चों को बधाई दी उज्जवल भविष्य की कामना की।

---

## एम.कॉम की ईशा ने उत्तीर्ण की यूजीसी नेट की परीक्षा



**यमुनानगर।** गुरु नानक खालसा कॉलेज की एम.कॉम अंतिम वर्ष की छात्रा ईशा ने कामर्स में यूजीसी नेट की परीक्षा का पास करके संस्थान का नाम रोशन किया है। सोमवार को कालेज के प्रिंसीपल डॉ. अरविंदर भल्ला व स्टाफ सदस्यों ने छात्रा ईशा को सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। कालेज के प्रिंसीपल डॉ. अरविंदर भल्ला ने कहा कि छात्रा ईशा की सफलता कॉलेज की अकादमिक उत्कृष्टता और समर्पित मेंटरशिप संस्कृति को दर्शाती है। मौके पर कालेज के कामर्स विभाग की अध्यक्ष डॉ. जसविंदर कौर ने ईशा को बधाई दी और उनकी कड़ी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प की सराहना की। उन्होंने बताया कि विभाग विद्यार्थियों को अकादमिक और पेशेवर उत्कृष्टता की ओर मार्गदर्शन देने के लिए प्रतिबद्ध है। कालेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप जौहर ने ईशा को बधाई दी और कहा कि ऐसी उपलब्धियां संस्थान की प्रतिष्ठा को मजबूत करती हैं और पूरे अकादमिक समुदाय को प्रेरित करती हैं। वहीं, प्रोफेसर डॉ. अशोक खुराना, डॉ. राजिंदर सिंह वोहरा और जसप्रीत सिंह ने भी ईशा को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी और उनके भविष्य की कामना की।

---

### युवाओं ने चॉकलेट भेंट कर मनाया चोकलेट डे

**यमुनानगर।** वेलेंटाइन डे सप्ताह के तीसरे दिन सोमवार को युवाओं ने चॉकलेट डे उत्साह से मनाया। इस दौरान युवाओं ने अपनी वेलेंटाइन व दोस्तों को स्वादिष्ट चॉकलेट भेंटकर उनसे अपने प्यार का इजहार किया। सोमवार सुबह युवाओं ने वेलेंटाइन डे सप्ताह के तीसरे दिन दुकानों पर पहुंचकर चॉकलेट खरीदा। इसके बाद उन्होंने अपने वेलेंटाइन व अन्य दोस्तों को चोकलेट भेंटकर अपने प्यार का इजहार किया। मॉडल टाउन के प्रेम सिंह, शोभित, मन्नी, विशाल व शंटी ने बताया कि वेलेंटाइन डे वीक में हर वर्ष नौ फरवरी को चॉकलेट डे मनाया जाता है। वैलेंटाइन वीक का ये तीसरा दिन बेहद खास होता है।

## खबर संक्षेप

### कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में रोजगार मेला कल

**कुरुक्षेत्र।** जिला रोजगार अधिकारी सीमा सैनी ने कहा कि जिला रोजगार कार्यालय कुरुक्षेत्र व विश्वविद्यालय रोजगार सूचना एवं मार्गदर्शन केंद्र कुरुक्षेत्र



विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र द्वारा निजी क्षेत्र मे रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए 11 फरवरी 2026 को रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। यह रोजगार मेला विश्वविद्यालय रोजगार सूचना एवं मार्गदर्शन ब्यूरो कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के प्रांगण में प्रातः 09:30 बजे से आयोजित करवाया जा रहा है।

### आर्य कन्या कॉलेज में रक्तदान शिविर कल

**शाहबाद।** रोटरी प्रधान रोटेरियन डॉ. आर. एस. घुम्मन ने जानकारी देते हुए बताया कि रोटरी क्लब शाहाबाद मारकण्डा, आर्य कन्या महाविद्यालय, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाहाबाद मारकंडा तथा अन्य संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में आर्य कन्या महाविद्यालय के सभागार में बुधवार 11 फरवरी 2026 को एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### कष्ट निवारण फोरम की बैठक आज

**कुरुक्षेत्र।** यूएचबीवीएन के अधीक्षक अभियंता मदन गोपाल जिंदल ने कहा कि बिजली संबंधी उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निवारण के लिए विद्युत सदन यूएचबीवीएन में चेयरमैन की अध्यक्षता में उपभोक्ता फोरम की एक बैठक 10 फरवरी को होगी। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता शिकायत फोरम की बैठक सेक्टर-8 एसई विद्युत सदन यूएचबीवीएन यूएचबीवीएन कुरुक्षेत्र में 10 फरवरी को सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक होगी। इस बैठक में बिजली सम्बन्धित वह समस्याएं सुनी जाएगी, जिनका एसडीओ सहित स्थानीय अधिकारियों से मिलने उपरांत भी कोई समाधान नहीं हो रहा है। ऐसे सभी उपभोक्ता अपनी समस्याओं को इस फोरम के समक्ष रख सकते है।

## पोक्सो एक्ट और साइबर सुरक्षा के बारे में किया जागरूक

# कानूनी साक्षरता प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

*विजेता टीमों एवं विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कानूनी साक्षरता प्रतियोगिताओं में विभिन्न जिलों के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने विद्यालयों एवं जिलों का नाम रोशन किया। मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे जिला सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल व विशिष्ट अतिथि श्रीमती नितिका भारद्वाज चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट कम जिला लीगल सर्विस अथॉरिटी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने की। मुख्य अतिथियों का स्वागत जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी इंदू कौशिक ने किया। अपने सम्बोधन में जिला न्यायाधीश ने विद्यालयों में पोक्सो एक्ट, व साइबर सुरक्षा बारे विस्तृत रूप से जागरूक करने पर बल दिया। जिला शिक्षा अधिकारी ने इसे प्राथमिकता से लागू करवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विजेता टीमो एवं विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिला कोर्डिनेटर शीशपाल जांगड़ा व नोडल अधिकारी सतबीर कौशिक सहित सभी इस कार्यक्रम की व्यवस्था में लगे अधिकारियों व अध्यापकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में क्रेसेंट पब्लिक स्कूल, फतेहाबाद की कनिष्का ने प्रथम, स्मॉल वंडर पब्लिक स्कूल, हिसार की हिमांशी ने द्वितीय तथा जीएमएसएसएसएस पुलिस लाइन, अंबाला की जसलीन कौर तृतीय स्थान पर रहीं। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में जीएमएसएसएसएस कुरुक्षेत्र के अमनदीप सिंह ने प्रथम, ए एम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रामगढ़ पांडवा, कलायत की कोमल द्वितीय, आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बौंद कलां, चरखी दादरी की पाखी तृतीय स्थान पर रहीं। भाषण प्रतियोगिता में आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बौंद कलां, चरखी दादरी की कृतिका ने प्रथम, एचडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सचावास, झज्जर की वैशाली द्वितीय तथा जी एम एस एस एस सराय ख्वाजा, फरीदाबाद की श्वेता पांडे तृतीय स्थान पर रहीं।



**कुरुक्षेत्र।** विजेताओं को सम्मानित करते अतिथिगण।

### कविता पाठ प्रतियोगिता में मुस्कान प्रथम

कविता पाठ प्रतियोगिता में एएमएएसएस रामगढ़ पांडवा कैथल की मुस्कान ने प्रथम स्थान, बीआर ज्ञानदीप स्कूल सुरजनवास महेंद्रगढ़ की प्रकृति ने द्वितीय, स्कॉलर्स ग्लोबल स्कूल झज्जर की माही रजावत तृतीय स्थान पर रहीं। ऑन द स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता में वाई एस एन नारनौल के कलिंद ने प्रथम ए एम एस एस एस रामगढ़ पंडवा, कैथल की आभा रानी ने द्वितीय स्थान तथा जी एस एस एस रतनडेरा कुरुक्षेत्र के यतेश कुमार तृतीय स्थान पर रहे। पावर प्वाइंट प्रस्तुति प्रतियोगिता में जी एम एस एस एस जीटी रोड, पानीपत के शुभम ने प्रथम स्थान , क्रेसेंट पब्लिक स्कूल फतेहाबाद के कुश ने द्वितीय स्थान तथा सेंट थॉमस कॉन्वेंट स्कूल, कुरुक्षेत्र की मानवी मलिक तृतीय स्थान पर रहीं। डॉक्यूमेंट्री फिल्म निर्माण प्रतियोगिता में जी एस एस एस खरबला खेड़ा, हिसार की मधु ने प्रथम स्थान, जी एस एस एस मल्लेकन, सिरसा के संतोष ने द्वितीय स्थान हासिल किया तथा एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जगाधरी के सूरज तृतीय स्थान पर रहे। क्विज प्रतियोगिता में जी एस एस एस काबरच्छा, उचाना (जिला जींद) की टीम ने प्रथम स्थान , ए एम सीनियर सेकेंडरी स्कूल रामगढ़ पांडवा, कलायत की टीम ने द्वितीय स्थान तथा पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, परनाला, बहादुरगढ़ की टीम तृतीय स्थान पर रही। वहीं वाद-विवाद प्रतियोगिता में बाल भारती स्कूल बहादुरगढ़ (जिला झज्जर) की टीम ने प्रथम, लॉर्ड महावीर जैन पब्लिक स्कूल, अंबाला की टीम ने द्वितीय तथा पीएमश्री जी एस एस एस पलावास, रेवाड़ी की टीम तृतीय स्थान पर रही। स्किट प्रतियोगिता में आर पी एस दारुहेड़ा (जिला रेवाड़ी) की टीम ने प्रथम स्थान, जी एम एस एस एस इंदाचोई (जिला फतेहाबाद) की टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि वैश्य मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भिवानी की टीम तृतीय स्थान पर रही।

### भगवान परशुराम कॉलेज में यूथ रेडक्रॉस शिविर शुरू

# सामाजिक सेवा का सशक्त माध्यम रेडक्रॉसः आशीष




**कुरुक्षेत्र।** स्वयंसेवकों को संबोधित करते नगराधीश आशीष कुमार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नगराधीश आशीष कुमार ने कहा कि यदि युवा दिल से सामाजिक सेवा के कार्यों की शुरूआत करना चाहते हैं, तो रेडक्रॉस सोसाइटी उनके लिए एक सशक्त माध्यम बन सकती है। इसके माध्यम से युवा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर सेवा कार्य कर सकते हैं। नगराधीश आशीष कुमार ने जिला उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के मार्गदर्शन में हरियाणा रेडक्रॉस सोसाइटी एवं जिला शाखा कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वावधान में भगवान परशुराम कॉलेज में आयोजित पांच दिवसीय यूथ रेडक्रॉस कैंप के दौरान व्यक्त किए। नगराधीश आशीष कुमार ने कहा कि वे स्वयं भी शुरू से सामाजिक सेवा से जुड़े रहे हैं और रेडक्रॉस सोसाइटी की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के कारण ही आज इस मुकाम तक पहुंचे हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि समाजसेवा, रक्तदान, फर्स्ट एड, दिव्यांग सेवा जैसे विषयों को गंभीरता से समझें और इनमें अपना शत-प्रतिशत योगदान दें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हरियाणा रेडक्रॉस सोसाइटी के महासचिव डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि हरियाणा रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा प्रदेश भर में यूथ रेडक्रॉस कैंप आयोजित किए जाते हैं, जिनके माध्यम से युवाओं को विभिन्न सामाजिक विषयों की जानकारी दी जाती है, ताकि वे भविष्य में समाज और देश के लिए और अधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें। कॉलेज के प्राचार्य शीशपाल शर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस कैंप में युवाओं को दी जा रही जानकारी उनके सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगी।

# जयभगवान शर्मा ने विकास कार्यों का किया लोकार्पण

- सैकड़ों ग्रामीणों ने फूल-मालाओं के साथ भव्य स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पिहोवा से पूर्व प्रत्याशी पंडित जय भगवान शर्मा (डीडी) के दौरे को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिला। क्षेत्र के विभिन्न गांवों और शहरों में पहुंचने पर सरपंचों, पंचों, जिला परिषद सदस्यों, लोकसभा प्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकतार्ओं एवं सैकड़ों ग्रामीणों ने फूल-मालाओं के साथ उनका भव्य स्वागत किया तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। पूरे दिन क्षेत्र में विकास को लेकर उत्सव जैसा वातावरण बना रहा। इसके उपरांत पंडित जय भगवान शर्मा डीडी ने करोड़ों रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन एवं लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी। उन्होंने रोशनपुर रोड से मायाराम सैनी के घर तक वाया सुदर्शन, वार्ड नंबर 12 में 19 लाख रुपये की लागत से गली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस्माईलाबाद में 20 लाख रुपये की लागत से नून घर धर्मशाला की रिपेयरिंग व नवीनीकरण कार्य का उद्घाटन किया तथा सांसद नवीन जिंदल द्वारा आयोजित मेडिकल कैंप का शुभारंभ भी किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निजी कोष से दो संस्थाओं को 5-5 लाख रुपये के चेक वितरित किए गए। इसके साथ ही गांव बिलोचपुरा में 5 लाख की फिरनी निर्माण, गांव चुनिया फार्म में 5 लाख की गली, गांव खिदरपुरा में 10 लाख का स्वागत गेट तथा गांव लाहौर माजरा में 5 लाख की लागत से कम्युनिटी सेंटर नवीनीकरण कार्य का लोकार्पण किया गया।



**पिहोवा।** भाजपा नेता जयभगवान शर्मा का स्वागत करते ग्रामीण।

# मार्केट कमेटी कार्यालय की बनेगी नई बिल्डिंग, 54 वर्ष पुरानी होगी कंडम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

मार्केट कमेटी चेयरमैन डा. गणेश दत्त ने कहा कि मार्केट कमेटी के कार्यालय को नए सिरे से बनाने और 54 वर्ष पुरानी बिल्डिंग को कंडम करने के प्रस्ताव को पास कर सरकार के पास भेजा गया है। माकेट कमेटी कार्यालय व साथ में लगती गोदाम की बिल्डिंग का 6 एकड़ में करीब 54 वर्ष पहले निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार से बिल्डिंग को कंडम करने की अनुमति मिलने के बाद इस जगह को कमेटी की आय बढ़ाने के लिए नई परियोजना तैयार की जाएगी, ताकि कमेटी को आर्थिक तौर पर मजबूत किया जा सके। इस हलका के गांव और शहर में सीएम दिनरात विकास कार्यों के लिए नई योजनाओं को अमलीजामा पहनाने का काम कर रहे हैं। मसीएम के प्रयासों से ही मार्केट कमेटी लाडवा का नया भवन बनेगा।

### मार्केट कमेटी कार्यालय में बैठक

मार्केट कमेटी चेयरमैन डा. गणेश दत्त सोमवार को मार्केट कमेटी कार्यालय में आयोजित मासिक बैठक में बोल रहे थे। इस दौरान मार्केट कमेटी के उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंगला और मार्केट कमेटी सचिव संत कुमार भी मौजूद रहे। बैठक में रखे गए सभी एजेंडों को सर्वसम्मति से पास किया गया। चेयरमैन डा. गणेश दत्त ने कहा कि बैठक में बजट वर्ष 2026-27 को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान बताया गया कि कमेटी के पास करीब 4 करोड़ 14 लाख रुपए बकाया रहा। वर्षभर में करीब 14 करोड़ 6 लाख रुपए की आय प्राप्त होने का अनुमान तय किया गया। इसके साथ ही वर्षभर में 17 करोड़ 79 लाख रुपए का खर्च होने का अनुमान तय किया गया। वर्ष के अंत में करीब 40 लाख रुपए बैलेंस रहेगा। चेयरमैन डा. गणेश दत्त ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की तरफ से प्रदेश के किसान, मजदूरों के लिए मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना लागू की हुई है।




### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सक्रिय भूमिका से पंजाब में खिलेगा कमल : सुभाष कलसाना

*__शाहबाद।__ भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सुभाष कलसाना ने कहा कि आगामी पंजाब विधानसभा चुनावों में भाजपा की ऐतिहासिक जीत तय है और इस जीत में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की भूमिका निर्णायक साबित होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सैनी लगातार पंजाब जाकर वहां की जनता से सीधा संवाद कर रहे हैं जिससे लोगों में भाजपा के प्रति जबरदस्त विश्वास पैदा हुआ है। शाहाबाद के विश्रामगृह में जनता की समस्याएं सुनने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए सुभाष कलसाना ने कहा कि पंजाब की जनता आम आदमी पार्टी और कांग्रेस दोनों की विफल और जनविरोधी सरकारों को भली-भांति देख चुकी है। दोनों ही दलों ने केवल झूठे वादे किए लेकिन जमीनी स्तर पर कोई ठोस विकास नहीं हुआ। अब पंजाब की जनता बदलाव चाहती है और वह बदलाव केवल भाजपा ही दे सकती है। विकास और जनसेवा की नई मिसाल कायम की है। हरियाणा में बिना भेदभाव विकास कार्य हो रहे हैं और यही मॉडल अब पंजाब में भी लागू होगा। सइस अवसर पर अमरजीत सिंह डांगी, दीदार सिंह शरीफगढ़, एडवोकेट मनदीप रावा, रिंकू बैरागी, नरेश खेड़ा, रोहित सैनी यारा, विनोद हबाना, तिलक राज नलवी, राजेन्द्र छोड़पुर सहित कईं कार्यकत्रा मौजूद रहे।*



### प्रभातफेरी में भजनों की शानदार प्रस्तुति भक्तिमय हुआ सेक्टर 5 का वातावरण

*__थानेसर।__ गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज की प्रेरणा से श्री कृष्ण कृपा गौशाला सेवा समिति द्वारा होली के उपलक्ष्य में सेक्टर 5 निवासी श्रीमती रूचि वालिया एवं संजीव वालिया के निवास स्थान पर प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। प्रातः 5 बजे से 7 बजे तक आयोजित इस प्रभात फेरी में श्रद्धालु राधा और कृष्ण भाव के भजनों पर जमकर नाचे। भजन रसिक सुनील वत्स, राजेन्द्र चोपड़ा तथा उनके सहयोगियों द्वारा गाए गए जिधर भी देखूं, दिखे श्याम छवि तुम्हारी.... के भजन पर युगल जोड़ी सरकार के सामने श्रद्धालु जमकर नाचे और भजनों पर नृत्य करते हुए झूम-झूमकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। प्रभातफेरी के आयोजक वालिया परिवार की ओर से सतपाल वालिया, सुशीला वालिया, रुचि वालिया, संजीव वालिया एवं समस्त परिजनों ने श्रद्धा और उल्लास के साथ प्रभात फेरी की व्यवस्था की। श्री कृष्ण कृपा गौशाला सेवा समिति द्वारा वालिया परिवार को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समिति के प्रधान सुनील वत्स ने बताया कि श्री कृष्ण कृपा गौशाला परिसर में 25 फरवरी से 3 मार्च तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन सायं 3 से 6 बजे तक किया जाएगा।*



### मेधावी छात्र को टैब भेंटकर मनाया ब्रह्मलीन प्रोफेसर रामरतन शर्मा का जन्म दिवस

*__कुरुक्षेत्र।__ मानव मित्र मंडल कुरुक्षेत्र द्वारा मंडल के संस्थापक ब्रह्मलीन प्रोफेसर राम रतन शर्मा का जन्म- दिवस गीता धाम के पावन प्रांगण में मेधावी छात्र को हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की तैयारी करने हेतु टैबलेट भेंट कर मनाया गया। इस अवसर पर गीता धाम की संचालिका पूज्य स्वामी भिक्षु जी ने मुख्य अतिथि के रूप में पधारकर मेधावी छात्र को आशीर्वाद देते हुए अपने कर- कमलों से टैबलेट भेंट किया। स्वामी भिक्षु जी ने कहा कि मानव मित्र मंडल मेधावी छात्रों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जो आधुनिक तकनीक उपलब्ध करवा रही है वास्तव में ही उसके श्रेष्ठतम परिणाम निकलेंगे। कार्यक्रम अध्यक्षा कुसुम दीदी ने भी बच्चे के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अपनी शुभ आशीष प्रदान की। इस अवसर पर मंडल के पदाधिकारी रुमन गुप्ता, मोहनलाल शर्मा, रमेश कौशिक, नरेश सैनी, प्रवीण कुमार, डॉ अरुण धीमान, विनीत निझावन एवं भारतेंदु हरीश उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से भविष्य में भी इसी तरह मेधावी छात्रों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ चढ़कर सेवा कार्य करने का संकल्प लिया और स्वामी भिक्षु जी व कुसुम दीदी का आभार व्यक्त किया।*



### आदेश के बाद भी एचकेआरएन कर्मियों को नहीं मिल पा रहा समय पर वेतन : कश्यप

*__कुरुक्षेत्र।__ भारतीय मजदूर संघ के संयोजक प्रवीन कश्यप ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र में सरकार के आदेश के बाद भी सैलरी टाइम पर नहीं मिल पा रही है जबकि सरकार के आदेश है कि कर्मचारियों को 7 तारीख से पहले सैलरी मिल जानी चाहिए लेकिन विद्यालय में लगे एचकेआरएन कर्मचारियों को 10 व 12 तारीख से पहले कभी सैलरी नहीं मिलती। कौशल रोजगार निगम कर्मचारियों ने कुलसचिव डॉ.वीरेंद्र पाल से मिलकर पहले जन्मदिन की शुभकामनाएं दी उसके बाद अपनी सैलरी की मांग की। कहा कि कौशल रोजगार निगम 154 कर्मचारियों को पोर्टल से हटा दिया गया है जिसकी वजह से उन्हें दो महीने से सैलरी नहीं मिली है। उन्हें घर का गुजारा चलाने में मुश्किलें हो रही है। इस कारण उन्हें मानसिक परेशानी हो रही है। उन्होंने मांग की कि उनको पोर्टल से जोड़ा जाए और 803 कर्मचारियों को जॉब सिक्योरिटी दी जाए। इस मौके पर रोशन, रिंकू, राजेंद्र, संजीव, प्रिंस,संजय, नितेश आदि लोग मौजूद रहे।*



**कुरुक्षेत्र।** प्रभातफेरी में मौजूद श्रद्धालुगण।

### सेक्टर 10 में सात दिवसीय श्रीकृष्ण कथा 16 से

**कुरुक्षेत्र।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा 16 से 22 फरवरी 2026 सायं 6 से रात्रि 9 बजे तक हुड्डा ग्राउंड नजदीक सेक्टर 10 मार्किट, कुरुक्षेत्र में सात दिवसीय श्रीकृष्ण कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसके प्रचार-प्रसार हेतु संस्थान द्वारा सैक्टर 2 पार्क से भव्य संध्या फेरी निकाली गई। जिसमें भक्तों ने प्रभु की महिमा गुणगान करते हुए /"मना चल वृन्दावन चलिए/", /"मेरी झोपड़ी के भाग खुल जाएंगे श्याम आएँगे/" आदि सुमधुर भजनों का गायन किया। क्षेत्र निवासियो ने इस संध्या फेरी में बढ़-चढ़ कर अपनी भागीदारी देकर प्रभु के चरणों मे अपनी हाजिरी लगाई। इस संध्या फेरी का शुभारम्भ महिंद्र मेहता द्वारा प्रभु के पावन पूजन एवं नारियल फोड़ कर किया गया। संस्थान से उपस्थित स्वामी गुरु ज्ञानानंद ने कहा कि आज सारा संसार दुःखों के भयंकर बादलों में फसता जा रहा है। इन दुःखों का कारण हमारे संत महापुरूष हमें समझाते हुए कहते हैं कि हम एक पल के लिए भी ईश्वर को भूल जाते हैं उसका जीवन दुःखों की भयंकर आग में जलता है। महात्मा बुद्घ भी कहते हैं कि दुख एक आर्य सत्य है। हमारे संतों के कथन पर विचार करें तो वह तीन प्रकार के दुःख कहते हैं। अधिभौतिक, आधिदैविक और अध्यात्मिक दुःख। दुःख का मुख्य कारण है इंसान के मन रुपी भूमि पर नकारात्मक विचारों का रोपन होना।

**कार्यक्रम** केयू पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग की डिजिटल एवं आधुनिक अनुसंधान कौशल पर कार्यशाला शुरू

# शोध का उद्देश्य सत्य की गुणवत्तापूर्ण खोज : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि शोध का उद्देश्य सत्य की गुणवत्तापूर्ण खोज है। शोध केवल तथ्यों का संग्रह नहीं, बल्कि गहन विश्लेषण, तर्क और प्रमाण के आधार पर वास्तविकता को समझने की प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि पवित्र ग्रंथ श्रीमद्भगवद्गीता में भी सत्य को सर्वोपरि माना गया है। वहीं ज्ञान एवं बुद्धिमत्ता के आधार पर शोध का उद्देश्य भी सत्य को खोजना है। यह उद्गार उन्होंने सोमवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में केयू पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग की डिजिटल एवं आधुनिक अनुसंधान कौशल विषय पर आधारित पांच दिवसीय कार्यशाला के शुभारम्भ अवसर पर बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। इससे पहले कार्यशाला का शुभारम्भ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कुवि कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि वर्तमान समय में आधुनिक शोध उपकरण एवं अनुसंधान कौशल उपलब्ध है जोकि गुणवत्तापूर्ण शोध में सहायक है। इसके साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा एनालिटिक्स, क्लाउड कंप्यूटिंग और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों ने शोध की दिशा और गति दोनों को नया आयाम दिया है। उन्होंने कहा कि पहले समय में शोध के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों में जाना पड़ता था लेकिन अब एआई, आधुनिक तकनीक के माध्यम से शोध साहित्य आपके समक्ष ही है। उन्होंने कहा कि आधुनिक शोध जगत में प्लेजरिज्म, एआई रिसर्च एथिक्स और शोध की गुणवत्ता आपस में गहराई से जुड़े हुए विषय हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी शोध की विश्वसनीयता और मूल्य इन्हीं पर निर्भर करता है।



**कुरुक्षेत्र।** पांच दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ करते कुलपति प्रो . सोमनाथ सचदेवा।

### बेस्ट शोध के लिए किया जाएगा सम्मानित

नैतिकता, पारदर्शिता और अकादमिक ईमानदारी से किया गया उच्च गुणवत्ता वाला शोध न केवल सार्थक होता है, बल्कि समाज और ज्ञान के विकास में भी सार्थक योगदान देता है। कुवि कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने जल्द ही बेस्ट शोध के लिए अवार्ड शोधार्थियों को सम्मानित करने व इसके लिए जल्द ही दिशा-निर्देश तय करने की बात भी कही। डीन, कला एवं भाषा संकाय, प्रो. सुनीता सिरोहा ने कहा कि इस कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थी अपनी शोध स्किल को अपडेट कर सकेंगे। इससे पहले कार्यशाला में केयू पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. संजीव शर्मा ने कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा का स्वागत करते हुए कार्यशाला के थीम के बारे में कहा कि आज के समय गुणवत्तापूर्ण शोध के लिए डिजिटल स्किल का पता होना बहुत जरूरी है क्योंकि यह शोध की मौलिकता का भी आधार है। कार्यशाला में मंच का संचालन शोधार्थी रेणू पंवार तथा धन्यवाद ज्ञापन शोधार्थी उदिता ने किया। रिसोर्स पर्सन डॉ. राजकुमार ने रिसर्च एथिक्स एवं एआई पर व्याख्यान देते हुए इसे आज के समय की मांग बताया। ,

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर प्रो. दिनेश, प्रो. अनिल गुप्ता, प्रो. मनोज जोशी, डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज, डॉ. संजय, डॉ. चेतन, डॉ. विकास सभ्रवाल, डॉ. अंजलि अग्रवाल, डॉ. प्रिया शर्मा, डॉ. निधि बगरिया सहित शिक्षक, शोधार्थी मौजूद थे।

